भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 210
उत्तर देने की तारीख:18.07.2022

समग्र शिक्षा अभियान और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय

†210. श्री एम. बदरुद्दीन अजमल:

श्री पोचा ब्रह्मानंद रेड्डी:

डॉ बीसेट्टी वेंकट सत्यवती:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने शैक्षिक पिछड़ेपन को कम करने के उद्देश्य से केंद्र प्रायोजित योजना के अंतर्गत देश में बड़ी संख्या में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) स्थापित करने की स्वीकृति दी है;

(ख) यदि हां, तो वर्तमान में कार्यशील केजीबीवी तथा नए स्वीकृत केजीबीवी की आंध्र प्रदेश सहित राज्य-वार और जिला-वार संख्या कितनी है;

(ग) असम में, विशेष धुबरी, गोलपारा, दक्षिण सलमारा और मनकाचर जिलों हेतु कितने नए केजीबीवी स्वीकृत किए गए हैं;

(घ) उपर्युक्त केजीबीवी के कब तक कार्यशील होने की संभावना है; और

(ङ) समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत की गई परिकल्पना के अनुसरण में कितने विद्यालयों का कक्षा 6-8 से कक्षा 6-12 में उन्नयन कर दिया गया हैं?

उत्तर
शिक्षा मंत्रालय में राज्यमंत्री
(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क) और (ख): स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय की एक केंद्र प्रायोजित योजना, समग्र शिक्षा के तहत, एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक और गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) जैसे वंचित समूहों से संबंधित बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शैक्षणिक रूप से पिछड़े

ब्लॉकों (ईबीबी) में छठी से बारहवीं कक्षा तक के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) को मंजूरी दी गई है। 13.07.2022 तक की स्थिति के अनुसार, देश में कुल 4982 केजीबीवी कार्यात्मक हैं। कार्यात्मक केजीबीवी की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सूची अनुबंध-**I** में दी गई है। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2022-23 में **31** नए केजीबीवी को मंजूरी दी गई है। वर्ष 2022-23 में स्वीकृत नए केजीबीवी की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और जिले-वार सूची अनुबंध-**II** में दी गई है।

(ग) और **(घ)**: वर्ष 2022-23 में असम राज्य के लिए कोई नया केजीबीवी स्वीकृत नहीं किया गया है। हालांकि, असम में कुल 126 केजीबीवी कार्यात्मक हैं, जिनमें से 13 केजीबीवी धुबरी में, 07 गोलपारा में और 03 दक्षिण सलमारा और मनकाचर में हैं।

(ङ): केजीबीवी के उन्नयन का कार्य वर्ष 2018-19 में शुरू किया गया था और वर्ष 2022-23 तक, कुल **2010** केजीबीवी को टाइप- III (कक्षा 6-12) की श्रेणी में उन्नत करने हेतु अनुमोदित किया गया है।

*****

<u>अनुबंध-I</u>

"समग्र शिक्षा अभियान और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय" के संबंध में माननीय संसद सदस्यगण श्री एम. बदरुद्दीन अजमल, श्री पोचा ब्रह्मानंद रेड्डी व डॉ. बीसेट्टी वेंकट सत्यवती द्वारा दिनांक 18.07.2022 को पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न सं. 210 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

कार्यात्मक केजीबीवी की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सूची

क्र. सं.	राज्य का नाम	**कार्यात्मक** केजीबीवी की संख्या
1	आंध्र प्रदेश	499
2	अरुणाचल प्रदेश	65
3	असम	126
4	बिहार	595
5	छत्तीसगढ़	121
6	डीएनएच-डीडी	2
7	गुजरात	165
8	हरियाणा	67
9	हिमाचल प्रदेश	14
10	जम्मू और कश्मीर	90
11	झारखंड	203
12	कर्नाटक	145
13	केरल	0
14	लद्दाख	10
15	मध्य प्रदेश	408
16	महाराष्ट्र	86
17	मणिपुर	12
18	मेघालय	10
19	मिजोरम	2

क्र. सं.	राज्य का नाम	**कार्यात्मक** केजीबीवी की संख्या
20	नागालैंड	20
21	उड़ीसा	249
22	पंजाब	29
23	राजस्थान	316
24	सिक्किम	1
25	तमिलनाडु	105
26	तेलंगाना	696
27	त्रिपुरा	15
28	उत्तर प्रदेश	757
29	उत्तराखंड	48
30	पश्चिम बंगाल	126
कुल		**4982**
		(स्रोत: प्रबंध)

अनुबंध-II

"समग्र शिक्षा अभियान और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय" के संबंध में माननीय संसद सदस्यगण श्री एम. बदरुद्दीन अजमल, श्री पोचा ब्रह्मानंद रेड्डी व डॉ. बीसेट्टी वेंकट सत्यवती द्वारा दिनांक 18.07.2022 को पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न सं. 210 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

2022-23 में स्वीकृत किए गए केजीबीवीएस की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार व जिले-वार सूची

क्र.सं.	राज्य	जिला	स्वीकृत केजीबीवी की संख्या
1	अरुणाचल प्रदेश	ऊपरी सुबनसिरी	1
2	पश्चिम बंगाल	बीरभूम	2
		दक्षिण दिनाजपुर	1
		मालदा	2
		मुर्शिदाबाद	1
		उत्तर दिनाजपुर	4
3	तेलंगाना	आदिलाबाद	1
		जग्तियाल	2
		करीमनगर	2
		महबुबाबाद	1
		महबूबनगर	1
		मेडक	4
		निजामाबाद	2
		संगारेड्डी	5
		सिद्दीपेट	1
		विकाराबाद	1
	कुल		**31**

(स्रोत: प्रबंध)

******